# AMAR UJALA

**Page No. 01 (Gzb)** **Date. 21st July 2019**

mycity

न्यूज़ कैप्सूल

## अपराजिता के तहत चिकित्सा कैंप आज

गाजियाबाद। अमर उजाला अपराजिता अभियान के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित ज्योति सुपर विलेज अपार्टमेंट सोसायटी में चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जाएगा। आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन सुबह साढ़े नौ से दोपहर दो बजे तक किया जाएगा। कॉलेज के एक्सपर्ट चिकित्सक दांतों से जुड़ी बीमारियों की जांच करेंगे। अगर आपके दांतों में भी किसी तरह की कोई शिकायत है तो आप चिकित्सकों की सलाह ले सकते हैं।

# AMAR UJALA

Page No..05........ Date. 22nd July 2019

शिविर में जांच करती चिकित्सक।

## नियमित रूप से दिन में दो बार करें ब्रश

गाजियाबाद। अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स अभियान के तहत आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से रविवार को राजनगर एक्सटेंशन में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एक्सटेंशन की ज्योति सुपर विलेज सोसायटी में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने चिकित्सा सेवा का लाभ उठाया। आंखों की जांच से लेकर दांतों में होने वाली बीमारी से बचाव व इलाज के बारे में भी जानकारी ली। वहीं, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों के हर सवालों का जवाब दिया।

कैंप में 212 मरीज पहुंचे, जिसमें सबसे ज्यादा 118 मरीज दांतों से जुड़े बीमारी लेकर पहुंचे। कुछ लोगों के दांतों में पीलापन की शिकायत थी तो कुछ मरीजों के दांतों में सड़न व गलन तक की समस्या थी, जिसका चिकित्सकों ने समय पर इलाज कराने की सलाह दी। चिकित्सकों ने कहा कि दांतों को बीमारी से बचाने के लिए जरूरी है कि दिन में नियमित तौर पर दो बार ब्रश करें। खासकर सुबह उठने के बाद और रात को खाना खाने के बाद। डॉ. विक्रम अरोड़ा व डॉ. तुषार ने कहा कि अगर दांतों को स्वस्थ रखना है तो उसके लिए आवश्यक है कि दांतों की नियमित तौर पर सफाई हो। कैंप में आंखों की समस्या से जुड़े 52 मरीज आई, जिनमें से अधिकांश को जलन व धुंधला दिखने की शिकायत थे। जांच के बाद कुछ मरीजों को ऑपरेशन की सलाह दी गई। कैंप के आयोजन में आंचल, अनमोल, अंशुल, अंकुर आदि मौजूद रहे।